## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–21.03.2024 (संध्या–1900 बजे)

### मुख्य समाचार

**1. निर्वाचन आयोग ने इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को व्हाट्सएप पर विकसित भारत संदेश का प्रसारण तत्काल प्रभाव से रोकने का दिया निर्देश।**

**2. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने पांच जिलों में चुनाव की तैयारियों को लेकर की समीक्षा बैठक, उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भयमुक्त मतदान कराने का दिया निर्देश।**

**3. गांडेय उपचुनाव को लेकर भाजपा के वरिश्ठ नेताओं ने की बूथ स्तरीय बैठक, जेएमएम से कल्पना सोरेन महिलाओं की समस्याओं से हुई अवगत।**

**4. जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से ईडी कोर्ट में हुए पेश, अदालत ने सुनवाई के बाद न्यायिक हिरासत अवधि चार अप्रैल तक बढ़ाई।**

**और**

**5. झारखंड की छह खिलाड़ियों का राष्ट्रीय महिला जूनियर हॉकी कैंप के लिए हुआ चयन, बेंगलुरु के राष्ट्रीय कैंप में होंगी शामिल।**

****************

निर्वाचन आयोग ने इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को व्हाट्सएप पर विकसित भारत संदेश का प्रसारण तत्काल प्रभाव से रोकने का निर्देश दिया है। आयोग ने बताया कि आम चुनाव की घोषणा के बावजूद नागरिकों के फोन पर ऐसे संदेश मिलने की कई शिकायतें मिली हैं। इसके जवाब में, मंत्रालय ने आयोग को सूचित किया कि पत्र आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले भेजे गए थे, लेकिन प्रणालीगत और नेटवर्क की समस्या के कारण संभवतः यह पत्र प्राप्तकर्ताओं को देर से मिले होंगे।

****************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर गुमला समेत लोहरदगा, खूंटी, रांची एवं सिमडेगा जिले के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं निष्पक्ष चुनाव कराने को लेकर अधिकारी कार्ययोजना बनाकर काम करें। दुर्गम स्थानों पर स्थित मतदान केंद्रों पर पोलिंग पार्टी एवं आवश्यक सेवाओं के लिए आवागमन की व्यवस्था सुदृढ़ रखी जाए।

****************

लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर आज उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक माइकल राज एस ने बोकारो समाहरणालय स्थित सभागार में बैठक की। बैठक में आईजी ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भयमुक्त मतदान के लिए विशेष दिशा–निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों से सीमावर्ती क्षेत्रों में सघन जांच अभियान चलाने को कहा। आईजी ने बैठक में चुनाव को लेकर अब तक की तैयारियों की समीक्षा भी की। इस दौरान पुलिस और प्रशासन के कई वरीय अधिकारी मौजूद थे।

****************

गांडेय उपचुनाव को लेकर भाजपा ने आज बूथ स्तरीय बैठक की। बैठक में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी और पूर्व अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कार्यकर्ताओं से चुनाव की तैयारी में जुट जाने को कहा। भाजपा अध्यक्ष श्री मरांडी ने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। वहीं केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्ण देवी ने कहा कि उन्होंने अपने लोकसभा क्षेत्र के विकास के लिए अपनी पूरी ताकत लगा दी है।

इधर, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने गिरिडीह जिले के बेंगाबाद प्रखंड के कई गांवो का दौरा किया। उन्होंने बताया कि वे महिलाओ से मिलकर उनकी समस्याएं जानने का प्रयास कर रही हैं।

****************

रांची के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने आज लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने बूथों में साफ–सफाई, पेयजल तथा शौचालय की व्यवस्था का जायजा लिया और बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि कोई भी मतदाता मतदान करने से छूटे नहीं, इस बात का ध्यान रखना है।

****************

बोकारो जिले के शहरी क्षेत्र में रहने वाले गरीब लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कई तरह के कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

**साउंड बाईट– मनोज कुमार, बोकारो–48 सेकेंड**

***************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार **एक्स** हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news **अंडर स्कोर**_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

***************

जमीन घोटाला मामले में जेल में बंद राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ईडी कोर्ट में पेश हुए। अदालत ने सुनवाई के बाद उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि चार अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी। इस मामले की अगली सुनवाई चार अप्रैल को होगी। वहीं एक अन्य मामले में हाईकोर्ट ने ईडी के अधिकारियों के खिलाफ गोंदा थाने की पुलिस द्वारा दिये गये नोटिस पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा है कि अगले आदेश तक पुलिस ईडी अधिकारियों को पूछताछ के लिए नहीं बुला सकती है।

***************

झारखंड मुक्ति मोर्चा की पूर्व विधायक सीता सोरेन को केंद्र सरकार ने जेड श्रेणी की सुरक्षा दी है। सीता सोरेन ने पिछले 19 मार्च को झामुमो से इस्तीफा देने के बाद दिल्ली में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन को भी वाई श्रेणी की सुरक्षा दी जा चुकी है।

***************

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण, एनआईए ने बिहार के मगध क्षेत्र में प्रतिबंधित सीपीआई–माओवादी संगठन को मजबूत करने की साजिश में एक फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। पिछले आठ महीने से फरार आरोपी विनोद मिश्रा को झारखंड के धनबाद से गिरफ्तार किया गया। एनआईए पिछले साल 31 अगस्त से इस मामले की जांच कर रही है।

***************

होली के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे पांच सौ चालीस विशेष रेलगाडियों का परिचालन कर रहा है। रेल मंत्रालय ने बताया रांची से गुवाहाटी, दिल्ली से पटना और कोलकाता से पुरी के अलावा अन्य जगहों के लिए विशेष ट्रेन चलाई जा रही है। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त रेलवे सुरक्षा बल की तैनाती की गई है।

***************

**और अब संक्षिप्त खबरें**

- चतरा संसदीय क्षेत्र में लोकसभा का चुनाव पांचवें चरण में होगा। इसके लिए 26 अप्रैल को अधिसूचना जारी की जायेगी। प्रत्याशी 3 मई तक अपना नामांकन दाखिल कर सकते है। 4 मई को स्क्रूटनी के बाद 6 मई तक नाम वापस लिया जा सकता है।
- धनबाद के न्यू टाउन हॉल में जिला शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी चुनाव के दौरान शत–प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

***************

हजारीबाग जिले में बालू लदे वाहन ने छह युवतियों को टक्कर मार दी है। यह घटना टाटीझरिया थाना क्षेत्र के खैरा बरकट्ठा रोड की है। इन्हें हजारीबाग मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। दो युवतियों को बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर किया गया है। इनमें से चार युवतियां पुलिस बहाली की तैयारी कर रही थीं। इसी सिलसिले में वे सुबह दौड़ की प्रैक्टिस करने निकलीं थीं, तभी तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।

****************

झारखंड की छह जूनियर महिला हॉकी खिलाड़ियों को इंडिया कैंप में आमंत्रित किया गया है। इसमें नीरु कुल्लू, रजनी केरकेट्टा, बिनिमा धान, निराली कुजूर, निशा मिंज और संजना होरो शामिल हैं। इन्हें साई सेंटर बंगलुरु में आयोजित जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय कैंप के लिए बुलाया गया है। इनमें से पांच खिलाड़ी झारखंड सरकार के खेल विभाग द्वारा संचालित एकलव्य हॉकी सेंटर रांची में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं।

*******समाप्त******